तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

12 आशीष छाबड़ा फिर बने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

10 कैलाश नगर वार्ड चढ़ा कब्जे की भेंट, नाली जाम …




## खबर संक्षेप

### पराली न जलाने किसानों से की गई अपील, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई



**बेमेतरा।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को लगातार पराली प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, बेरला कार्यालय द्वारा ग्राम कठिया के किसान शिवनंदन टण्डन को पराली जलाने के संबंध में चेतावनी जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार 29 नवंबर किसान द्वारा अपने खेत ( ग्राम कठिया) में पराली जलाए जाने की जानकारी प्राप्त हुई। पराली जलाना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, राष्ट्रीय हरित अधिकरण तथा राज्य शासन के दिशानिर्देशों के तहत दण्डनीय अपराध है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की उर्वरता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। जिला प्रशासन बेमेतरा और कृषि विभाग द्वारा लगातार किसानों से अपील की जाती रही है कि पराली न जलाएँ, बल्कि उसका वैज्ञानिक प्रबंधन करें या गौशालाओं में पैरा दान दें। अधिकारी द्वारा किसान को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में पराली या फसल अवशेष न जलाएँ तथा कृषि विभाग द्वारा सुझाए गए विकल्प जैसे मल्चर शेष पेज 10 पर

# टोकन के अभाव में खलिहानों में कट रही बड़े किसानों की रात

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

फसल की कटाई और मिसाई के बाद टोकन प्राप्त नहीं हो पाने के कारण किसानों का रतजगा इन दिनों फसल की रखवाली के लिए खलिहानों में हो रहा है। खलिहानों में रतजगा करने वाले ज्यादातर लोग बड़े किसान हैं, जिन्हें टोकन तुंहर हाथ एप से तो टोकन मिल ही नहीं पा रहा है, वहीं मैनुअली टोकन लेने सोसायटी जाने पर उन्हें हाउसफुल का बोर्ड पढ़ने को मिल रहा है। किसान खा-पीकर फसल की रखवाली के लिए पूरी रात अपने खलिहानों में ही नजर आ रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सहकारी समितियों में फसल की बिक्री के लिए उन्हें फिलहाल टोकन प्राप्त नहीं हो सका है। धान की मात्रा कम होती तो छोटे किसानों की तरह वे भी अपने धान अपने निवास स्थान में ही रख लेते, जिससे उन्हें अलग से रखवाली नहीं करनी पड़ती। चूंकि बड़े किसानों का रकबा अधिक होता है, जिससे उत्पादन भी अधिक होता है। ऐसे में धान की बड़ी मात्रा को घर में भी नहीं रखा जा सकता। लिहाजा पैरे के घरौंदे बनाकर व रात भर आग के सहारे किसान अपनी साल भर की कमाई सुरक्षित कर रहे हैं। शुरूआती दौर में बीते साल भी टोकन जारी करने का अनुपात कुछ ऐसा ही था। किसानों को परेशानी होने एवं लगातार मांग के बाद प्रशासन द्वारा अनुपात को बदलना पड़ा था। हालांकि प्रशासन का कहना है कि धान खरीदी के लिए जिले के सभी उपार्जन केंद्रों को दी गई लिमिट के अनुपात में अभी खरीदी ही नहीं हो पा रही है, जिससे टोकन जारी करने का अनुपात बढ़ाने की जरूरत नहीं है। प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार अनुपात में बदलाव कर दिए जाने की बात भी कही गई है, ताकि किसी भी वर्ग के किसान को धान बेचने में दिक्कत न हो।

## न ऑनलाइन, न मैनुअल, बड़े किसानों का टोकन के लिए कहीं नंबर नहीं



### 70-30 के अनुपात ने बिगाड़ा समीकरण

सहकारी समितियों में धान बेचने के लिए टोकन प्राप्त करने शासन द्वारा वर्तमान में 70-30 का अनुपात तय किया गया है। सारी समितियों को प्रतिदिन धान की कितनी खरीदी करनी है, इसकी लिमिट तय है। चूंकि अभी धान खरीदी की शुरूआत है, जिससे फिलहाल अभी प्रतिदिन की लिमिट एक हजार से 12 सौ क्विंटल तय की गई है। तय लिमिट की 70 प्रतिशत खरीदी के लिए टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से ऑनलाईन जारी किया जाना है। इसके साथ ही शेष 30 प्रतिशत लिमिट के टोकन समितियों में जाकर मैनुअली प्राप्त किए जा सकेंगे। बड़े किसानों द्वारा समितियों से जारी 30 प्रतिशत की लिमिट को ही 50 प्रतिशत करने की मांग की जा रही है।

## विरोध

### आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस ने किया जोरदार विरोध

# जमीन की दरों में वृद्धि, कांग्रेस ने सीएम का पुतला दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज बेमेतरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी व शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने शहर के पुराना बस स्टैंड में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन राज्य में जमीन की कीमतों में सरकारी गाइडलाइन में की गई बेतहाशा वृद्धि के विरोध स्वरूप किया गया है ।

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि जिस तरह से भाजपा की साय सरकार ने छत्तीसगढ़ में जमीनों का सरकारी रेट बढ़ाया है उससे यह जाहिर हो गया है कि यह सरकार अमीरों की सरकार है गरीब और मध्यम वर्गी के हाथ से तो अब जमीन खरीदना सपने देखने के समान हो चला है जिस दर में आज जमीनों के भाव को सरकार ने पहुंचा दिया है आम आदमी अपनी पूरी जिंदगी खर्च करके भी इतनी रकम शायद ही जोड़ पाए यही हाल सरकार ने रजिस्ट्री की कीमतों में भी किया है



जिससे आम आदमी मध्यमवर्गीय और गरीब आदमी अपने रहने के लिए छत का भी इंतजाम न कर सके भाजपा की सोच साफ-साफ दिख रही है क्या आम जनता ने इसी विकास को लेकर भाजपा को वोट दिया था कि वह आम लोगों का जीना दुश्वार कर दे छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में की गई वृद्धि के विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री का पुतला दहन का कार्यक्रम किया जा रहा है ताकि भाजपा की यह कुंभकरण की नींद सोई हुई सरकार आम जनता के परेशानियों को सुन सके समझ सके ।

### ये रहे उपस्थित

पुतला धन कार्यक्रम में सुरेंद्र तिवारी, अवनीश राघव, मंगत साहू, प्रणीश चौबे, ललित विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी, रवि परगनिहा, मिथलेश वर्मा, हरिश साहू, सुशीला जोशी, रीता पांडे, झम्मन बघेल, रश्मि मिश्रा, रूबी सलूजा, योगिता साहू, मनोज शर्मा, रवि रजक, विकास चौबे व अतुल साहू सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# स्वास्थ्य मंत्री ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज साजा

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साजा का औचक निरीक्षण किया।

जिसमें अस्पताल ड्यूटी में डॉ मधुसुदन डोगरे (मेडिकल आफिसर), डॉ नीलेश देवांगन (आरएमए ), नेहा कश्यप (स्टाफ नर्स), शशी प्रभा सोनवानी (स्टाफ नर्स), रमशीला (सफाई कर्मी), किशन। मंत्री के द्वारा प्रसुता मरीज से भेंट किया इस दरमियान उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई के साथ भर्ती वार्ड जचकी वार्ड का निरीक्षण करते हुए अस्पताल में दवाइयां के संबंध में जानकारी ली। विधायक ईश्वर साहू ने अस्पताल में विभिन्न समस्याओं से मंत्रीको अवगत कराया नगर पंचायत अध्यक्ष ने जलाशय में बन रहे आइसोलेशन सेंटर की शिकायत की जिस पर मंत्री ने नाराजगी दर्ज करते हुए कहा कि जलाशय में कैसे निर्माण हो रहा है मामले की जांच कराई जाएगी निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू कैशौ पटेल नारद वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा नारद देवांगन पार्षद आशीष वर्मा लारा यादव चंदन अग्रवाल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निर्मेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजीव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



# पंजीयन की नई गाइडलाइन को लेकर बढ़ा विरोध, विभागीय मंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जमीनों के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी, पंजीयन सहित अन्य शुल्क बढ़ाए जाने को लेकर जमीन कारोबार से जुड़े लोगों का प्रदर्शन शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को प्रदर्शन को समर्थन देने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह शासन की हठधर्मिता है, जिसकी वजह से जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 500 से 1000 प्रतिशत तक की वृद्धि समझ से परे है। जमीन का कारोबार पूरी तरह से ठप पड़ गया है। इधर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों में राहुल शर्मा, आकाश वर्मा, अशोक जैन, लाभचंद पारख, जयंत कुमार, अमित यादव, कमलेश पांड़े सहित अन्य ने रैली निकाली। इसके बाद शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पटेल चौक में पुतला फूंका। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो पूरे प्रदेश में उग्र प्रदर्शन होंगे। प्रदर्शन के दौरान मनोज राजपूत भिखारीनुमा ड्रेस पहनकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीख मांगा। फटे पुराने कपड़े में वे नजर आए। बता दें कि हर दिन उनके द्वारा अलग-अलग तरीके से शासन की इस नीति का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## जेआरडी स्कूल के सामने पिछले पांच दिनों से दे रहे धरना

### नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच हुई झूमाझटकी

शाम के समय विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी के बीच अचानक प्रदर्शनकारी पुतला लेकर पहुंच गए। उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी, इसके बाद अचानक पुतले में आग लगा दी। इस बीच पुलिस कर्मियों ने पुतला छीनने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी पुतला जलाने में सफल रहे। बाद में पुलिस ने पानी लाकर पुतले में डाला। आयोजकों ने बताया कि कल सद्बुद्धि यज्ञ किया जाएगा, जिसमें जिलेभर के किसान, जमीन कारोबारी शामिल होंगे। अब तक प्रदर्शन के कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य ने समर्थन दिया है।






### कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन को दिया समर्थन

दुर्ग में जारी इस विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। राकेश ठाकुर ने कहा कि सरकार के इस तानाशाही निर्णय के विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस का समर्थन है। वर्तमान भाजपा सरकार किसी का भला नहीं चाहती। पंजीयन शुल्क के बढ़ने से किसको फायदा है। जमीन की रजिस्ट्री ऑफिस में सन्नाटा पसरा है। पहले किसान और आम नागरिक को अपनी जमीन बेचने में आसानी थी। मध्यम वर्गीय परिवार भी जमीन ले सकता था। अभी वर्तमान 50 लाख की जमीन दर 90 लाख कर दी गई है। इस तानाशाही निर्णय को वापस लेना ही होगा। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### संविधान दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**दुर्ग।** शा पूर्व माध्य शाला चीचा विखं धमधा में संविधान दिवस पर चित्रकला, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताका आयोजन किया गया। चित्रकला में नीता जोशी, आंकाक्षा वर्मा, चंचल साहू, खिलेश्वर पटेल, शुभम वर्मा, जिया के चित्रकला सहरानीय रही। कार्यक्रम में छ मौलिक अधिकार को चित्रों के माध्यम से बताने का प्रयास किया। वहीं सामान्य ज्ञान परीक्षा में आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम दिव्यांका वर्मा, द्वितीय किशन व तृतीय परमेश्वर रहे। प्रश्न निर्माण में श्री बघेल का सहयोग, श्री देशमुख ने दिया कक्षा सातवीं और छठवीं के बच्चों को प्रोजेक्ट के माध्यम से संविधान निर्माण की गाथा को दिखाया गया। संविधान के उद्देशिका का शपथ ग्रहण स्वास्थ्य विभाग की डॉ. हिसीकर द्वारा कराया गया जिसमें समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा।

### मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष चौक, डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग निवासी शारदा बंजारे की विगत 7 नवंबर 2024 को जोरातरई नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप सहायता स्वीकृत की गई है।

## वार्ड परिक्रमा : नालियों पर कब्जा, अधूरे काम और बदबू से त्रस्त लोग

# कैलाश नगर वार्ड चढ़ा बेजा कब्जे की भेंट, नाली जाम होने से फैल रही गंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

कैलाश नगर वार्ड 21 निगम प्रशासन की अनदेखी के चलते बेजा कब्जे की भेंट चढ़ता जा रहा है। हालत यह है कि लोगों ने नालियों तक में कब्जा कर लिया है।इससे नालियां जाम हो रही हैं और उससे चारों तरफ दुर्गंध फैल रही है। यहां सफाई व्यवस्था भी लंबे समय से चरमराई हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले विकास की रफ्तार ठीक थी, लेकिन अब वार्ड पूरी तरह उपेक्षित हो गया है। हरिभूमि की टीम वार्ड भ्रमण के दौरान नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 21 कैलाश नगर पहुंची। यहां सबसे बड़ी तकलीफ नालियों की देखने को मिली। कई इलाकों में लोगों ने नालियों पर पक्के कब्जे कर लिए हैं। वहीं कई जगहों पर सफाई की कमी से नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। बदबू के कारण लोग दरवाजे बंद करके रहने को मजबूर हैं।

## कैलाश नगर वार्ड 21 की दुर्दशा



कैलाश धाम शिव मंदिर के पास अधूरी बनी नाली।



### अधूरी नाली से परेशानी

कैलाश नगर वार्ड 21 में हालात कितने बिगड़े हुए हैं, इसका साफ उदाहरण कैलाश धाम शिव मंदिर के पास देखने को मिला। मोहल्लेवासी अर्जुन यादव ने बताया कि उनका परिवार यहां करीब 50 साल से रहता है। यहां नालियों की सफाई समय पर नहीं हो रही है।



अर्जुन यादव ने बताया कि उनके मोहल्ले में नाली का काम शुरू हुआ था, लेकिन कुछ दूरी बाद अचानक खत्म कर दिया गया। नाली अधूरी बनने के कारण मोहल्ले के कई लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### शौचालय की कमी से व्यापारी परेशान

कैलाश नगर वार्ड 21 मार्केट के व्यापारी एचके भट्ट ने बताया कि बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं है। जरूरत पड़ने पर व्यापारियों को इधर उधर भटकना पड़ता है। कई बार शिकायत के बाद अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं हुई। सड़क का हाल भी बेहतर नहीं है। सड़क जरूर बनाई गई, पर गुणवत्ता कमजोर थी। कुछ ही महीनों में डामर उखड़ने लगा और जगह-जगह गड्ढे बन गए। इंजीनियरिंग कॉलेज के पास तो हाल और खराब है। वहां नाली ही नहीं है। घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है। कीचड़ जमा होने से दलदल जैसी स्थिति बन गई है।



### पार्षद नहीं दे रही लोगों की समस्याओं पर ध्यान

कैलाश नगर में कई जगह पर अधूरी नाली का निर्माण किया गया है। इस कारण नाली का गंदा पानी पानी सड़क पर बह रहा है। लोगों में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कांग्रेस सरकार के समय काम की रफ्तार ठीक थी, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद वार्ड की उपेक्षा बढ़ी है। दिलचस्प यह है कि वार्ड की पार्षद कांग्रेस से हैं, पर लोगों का आरोप है कि उन्होंने भी अब विकास पर ध्यान देना बंद कर दिया है।

### ज्यादा फंडिंग और ठोस प्लानिंग की जरुरत - पार्षद नेहा साहू

वार्ड 21 कैलाश नगर की पार्षद नेहा साहू ने बताया कि कैलाश नगर जैसे पुराने इलाकों को सबसे ज्यादा फंडिंग और ठोस प्लानिंग की जरूरत है, लेकिन शासन बदलने के बाद हालात उलट गए। फंडिंग रोक दी गई और इसका सीधा असर बुनियादी सुविधाओं पर पड़ा। उनके मुताबिक 2022-23 में सड़क और सीवरेज के लिए 80 लाख का टेंडर निकल चुका था, लेकिन सरकार बदलते ही वह भी रोक दिया गया। नतीजा यह कि लोगों को आज भी टूटी सड़कें, कमजोर नालियां और अव्यवस्थित ड्रेनेज जैसी मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है। अवैध कब्जों की शिकायतें भी प्रशासन तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही। बड़े नाले के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है, पर उस पर भी मंजूरी नहीं मिली। नेहा साहू का आरोप है कि कुरूद में अवैध प्लॉटिंग वाली जगह पर एक व्यक्ति विशेष के लिए सड़क बना दी गई, जबकि यही सड़क कैलाश नगर के लिए प्रस्तावित थी। उन्होंने बताया कि विकास कार्य तभी आगे बढ़ सकते हैं जब प्रशासन फंडिंग जारी करे।

# एसआईआर को लेकर मंत्री गजेंद्र पहुंचे मतदाताओं के बीच



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर अभियान की प्रगति का जायज़ा लेने शुक्रवार को मंत्री गजेन्द्र यादव ने वार्डों में व्यापक भ्रमण किया। वार्ड 44 गुरुघासीदास नगर में उन्होंने बीएलओ एवं एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों से गणना फॉर्म की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और शेष कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री यादव ने वार्ड के नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे बीएलओ का सहयोग कर गणना फॉर्म शीघ्र भरें, ताकि निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा हो सके।

निरीक्षण के दौरान मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डों में एसआईआर फॉर्म भरने की प्रगति, लंबित कार्य और समस्याओ के निदान करने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिन मतदाताओं के मतदान केंद्र बदले गए हैं, उनके फॉर्म में शिफ्टिंग स्पष्ट रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि प्रत्येक मतदाता का गणना फॉर्म अनिवार्य रूप से भरा जाए।

गजेन्द्र यादव ने नागरिकों को एसआईआर की महत्वूर्ण भूमिका समझाते हुए कहा कि यह प्रक्रिया न केवल निर्वाचन व्यवस्था को मजबूत बनाती है बल्कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से ज़मीन पर लागू करने में भी सहायक है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाए। व्यक्तिगत जिम्मेदारी से वे अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास गणना पत्र भरकर जमा करे। मतदाता जिस मतदान केंद्र के क्षेत्र की छोड़कर अन्यत्र शिफ्ट हो चुके है। छोड़ चुके मतदान केंद्र से अपना नाम हटवाए और जिस केंद्र में स्थाई रूप से निवास कर रहे है उस मतदान केंद्र में वे अपना नाम जुड़वाएं। इस अवसर पर पार्षद सरिता चंद्राकर, मनीष कोठारी, संजय अग्रवाल, साजन जोसफ, गुलशन साहू, प्रकाश गीते, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, आसिफ अली, विनोद चंद्राकर, अनिकेत यादव, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता उपस्थित रहे।

# नए श्रम कानून का श्रमिकों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



केंद्र सरकार के चार नए श्रम क़ानूनों के विरोध छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (मज़दूर कार्यकर्ता समिति) ने किया है। इसे लेकर श्रमिकों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री एवं अन्य को संबोधित ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले मज़दूरों और आम नागरिकों ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम क़ानूनों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण रैली के बाद प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री तथा भारत के राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दुर्ग के श्रम आयुक्त के माध्यम से सौंपा गया। कार्यक्रम में श्रम आयुक्त कार्यालय के बाहर सैकड़ों श्रमिक, महिला मज़दूर, ठेका मज़दूर, संगठित व असंगठित क्षेत्र के कर्मी, छात्र-युवा एवं विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। केंद्र सरकार के श्रमिक-विरोधी एवं कॉर्पोरेट-पक्षधर निर्णयों के खिलाफ नारे लगाए गए। चारों श्रम क़ानूनों को वापस लेने तथा छत्तीसगढ़ में इन्हें लागू न करने की माँग प्रमुख रूप से उठाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि चारों श्रम संहिताएं (क़ानून) मिलकर पिछले दशकों में मज़दूर वर्ग द्वारा संघर्षों के माध्यम से हासिल बुनियादी अधिकारों जैसे स्थायी रोज़गार, उचित मज़दूरी, ओवरटाइम का भुगतान, सुरक्षा मानक, ट्रेड यूनियन मान्यता और सामूहिक सौदेबाज़ी को कमज़ोर करती हैं। इनके लागू हो जाने से ठेका मज़दूरी, असुरक्षित काम, लंबी कार्य अवधि और मनमाने ढंग से छँटनी व लॉकआउट को बढ़ावा मिलेगा, जिससे छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के श्रमिकों की स्थिति और बदतर होगी। इस अवसर पर भुवन साहू, मोहम्मद अली, संतोष यादव, कल्याण पटेल, लक्ष्मण, नकुल, निरा दसमत, संजना, इंसरात्तमा, के बाल्लमा, वाई सुशीला, लाखन, ब्रम्हा, चंचला दीप, निलेंद्री, व्यास दीप, कलादास डहरिया सहित अन्य मौजूद थे।

# गांजा तस्कर गिरोह का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

कुम्हारी थाना पुलिस ने गांजा तस्करी मामले के फरार मुख्य आरोपी शाहिद अहमद को नागपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 क्विंटल 88 केजी गांजा जिसकी लगभग 60 लाख रुपए और कंटेनर

- गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

वाहन कीमती 25 लाख रुपए, कंटेनर में भरा अन्य सामान कीमती 51 लाख रुपए कुल 1 करोड़ 53 लाख रुपए का माल जब्त किया था। इस मामले में तीन आरोपी पहले पकड़े जा चुके हैं। आरोपी शाहिद अहमद के खिलाफ धारा 20 (बी)आईआईसी, 25, 27 (ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



जानकारी के अनुसार विगत 7 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांजा से भरा कंटेनर वाहन क्रमांक एलएन 01 एएच 9524 नेशनल हाईवे से रायपुर से दुर्ग की ओर आ रही है। टोल प्लाजा कुम्हारी में नाकेबंदी कर वाहन को रोका गया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम उमेश यादव उम्र 46 साल, निवासी जय नगर जिला मधुबनी बिहार का निवासी बताया। उसने बताया कि कंटेनर में आमतल्ला कोलकाता पश्चिम बंगाल से सामान लेकर गुजरात के लिए निकला था। इस दौरान रास्ते में ग्राम बारकोड़, देवघर उड़िशा में परिचित का राहुल मिला। राहुल ने 13 बोरी गांजा नागपुर में शाहिद के पास छोड़ने बोला था। प्रत्येक बोरी का 5000 रुपए में सौदा हुआ था। कंटेनर लॉक होने से उसके नट निकालकर गेट खोला और उसमें गांजा भरकर नागपुर लेकर जाना स्वीकार किया। उसने बताया कि इसके पूर्व भी एक खेप गांजा शाहीद के पास नागपुर छोड़ा है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी उमेश यादव, मुस्ताक अहमद, फैयाज अंसारी से माल बरामद कर जेल भेजा था। मुख्य आरोपी 36 वर्षीय शाहिद अहमद का फरार था। आरोपी शाहिद अहमद की यशोधारा नगर संगम चौक नागपुर में उपस्थिति का पता चलने पर कुम्हारी पुलिस वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया।

# नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में आकस्मिक सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सिंटर प्लांट्स–2 में सड़क सुरक्षा के प्रति कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक "सड़क पर ध्यान" का आयोजन विभाग के सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक पीके सिंह तथा विभागाध्यक्ष जगेंद्र कुमार उपस्थित थे। राकेश कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पूरे संयंत्र में आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि हर कर्मचारी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में अपनाएं। नुक्कड़ नाटक सिंटर प्लांट्स–2 विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिनमें अधिकांश संविदा कर्मी थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तुति की सराहना की ।

## पेज 9 के शेष

### पराली न जलाने किसानों से ...

हैपी सीडर, रोटावेटर, कम्पोस्टिंग, पिट विधि और चराई का उपयोग किया जाए। सूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि भविष्य में दोबारा पराली जलाने की घटना पाई जाती है, तो किसान के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना और कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कृषि विभाग ने सभी किसानों से निर्धारित नियमों का पालन करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।


## पांच हजार से ज्यादा ग्रामीणों को मिला रोजगार

# पानी सहेजने के लिए 10 हजार गड्ढे किए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत दुर्ग जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। जल संचय एवं भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने हेतु मनरेगा के माध्यम से बड़े पैमाने पर जल संरचनाओं का निर्माण स्वीकृत किया गया है। मोर गांवद मोर पानी अभियान ने दुर्ग जिले में जल संरक्षण की दिशा में नई ऊर्जा और प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच जैसी संरचनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल प्रबंधन को मजबूत बना रही हैं और जल सुरक्षा के लक्ष्यों को साकार कर रहा है। यह अभियान छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि तथा जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है।

- भू-जलस्तर को बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा अभियान



### बारिश के जल को संरक्षण के लिए बनी कार्ययोजना

अभियान के प्रमुख उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण को ग्रामीण स्तर पर सामूहिक जिम्मेदारी बनाना पारंपरिक जल स्त्रोतों कुएं, तालाब, जीर्णोद्धार विभिन्न तकनीकों से भूजल रिचार्ज बढ़ाना जल संकट की संभावनाओं को कम कर भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि जिले में विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इससे वर्षा जल संचयन, मिट्टी संरक्षण और भूजल पुनर्भरण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### रिचार्ज प्वाइंट बनाकर बारिश के पानी को सहेजा

अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग जगहों पर रिचार्जिंग प्वाइंट बनाकर बारिश के पानी को सहेजा। दुर्ग के ग्राम दमोदा में 6.47 से 1678 कार्य दिवस में 1500 गड्ढे तैया किए गए। बोरई में 9.86 लाख से 3014 कार्य दिवस पर 2500 गड्ढे बनाए। अंजोरा ढाबा में 4.67 लाख से 912 कार्य दिवस में 1000 गड्ढे, धमधा के दारगांव में 7.62 लाख से 935 कार्य दिवस में 4502 गड्ढे बनाए गए हैं। रौंदा में 7.16 लाख से 456 कार्य दिवस पर 210 गड्ढे तैयार किए गए।

# एक बोरे में 300 ग्राम अधिक तौल, रकबा समर्पण नहीं, दो समिति प्रबंधकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

उपार्जन केंद्रों में धान की ज्यादा मात्रा खरीदी की शिकायत आखिरकार सही निकली। जामगांव (एम) उपार्जन केन्द्र में धान बोरे में अधिक तौल कराने की शिकायत पर कलेक्टर ने मौके पर धान बोरे की रेण्डम तौल करायी। जिसमें बोरा में 300 ग्राम धान की अधिक मात्रा पाई गई। कुर्मीगुण्डरा उपार्जन केन्द्र में धान बिक्री कर चुके ग्राम गब्दी के किसान चितरंजन लाल से मोबाईल पर चर्चा कर धान की उपज एवं रकबा समर्पण आदि के संबंध में जानकारी ली। किसान चितरंजन ने कलेक्टर को अवगत कराया कि उन्होंने उत्पादित धान फसल 55.20 क्विंटल धान की बिक्री कर चुके हैं। अब उनके पास बिक्री हेतु धान शेष उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने रकबा समर्पण नहीं होने की जानकारी दी। इस दोनों मामले में कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।



### तीन केंद्रों में पिछले साल से ज्यादा खरीदी

धान उपार्जन केन्द्र कुर्मीगुंडरा, जामगांव (एम) और घुघुवा में पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष अधिक खरीदी, वहीं पंदर में कम खरीदी हुई है। शुक्रवार तक धान उपार्जन केन्द्र कुर्मीगुण्डरा में 8295 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें धान मोटा 2378 क्विंटल, धान पतला 2003 क्विंटल एवं धान सरना 3914 क्विंटल शामिल है। जबकि गत वर्ष इस उपार्जन केन्द्र में 7006 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। जामगांव (एम) उपार्जन केन्द्र में 5940 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। गत वर्ष इस उपार्जन केन्द्र में 5346 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इसी प्रकार घुघवा उपार्जन केन्द्र में 4750 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

## खबर संक्षेप

### कुम्हारी के ट्रांसपोर्टर का वाहन फर्जी नंबर से बिहार में चल रहा

**कुम्हारी।** दुर्ग जिले के एक ट्रांसपोर्टर की गाड़ी नंबर का प्रयोग करते हुए बिहार में फर्जी तरीके से दूसरा वाहन चलाया जा रहा था। इसका खुलासा तब हुआ जब आरटीओ ने उस फर्जी नंबर वाले ट्रक पर चालानी कार्रवाई की। ट्रांसपोर्टर ने तुरंत कुम्हारी थाना पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार कुम्हारी के ट्रांसपोर्टर सर्वजीत सिंह की गाड़ी क्रमांक सीजी 04 एल टी 5516 पर चालानी कार्रवाई की जानकारी भोजपुर बिहार आरटीओ द्वारा विगत 27 नवम्बर को उनके मोबाइल नम्बर में दी गई। उक्त ई चालान देख उन्हें हैरनी हुई। उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी कभीं भोजपुर बिहार गई ही नहीं है फिर भोजपुर में ई चालान होना चौंका देने वाली बात थी। जबकि उनके इस नम्बर की गाड़ी अभी वर्तमान में अहमदाबाद गुजरात में खड़ी है। सर्वजीत सिंह ने इस बात की जानकारी कुम्हारी थाना में लिखित में दी। साथ ही ई चालान, टोल टैक्स की सम्पूर्ण जानकारी भोजपुर बिहार के आरटीओ को भी भेज दी है।

### हर दिन ट्रेन से जाता था रायपुर एक दिन बाइक से गया और हो गया हादसे का शिकार, मौत

**भिलाई।** अलग-अलग सड़क हादसों में शिवाजी नगर खुर्सीपार के दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पुरेश छपाने (23 वर्ष) और विशाल सुरजल (27 वर्ष) के रूप में हुई। दोनों युवक अपनी अपनी बाइक में रायपुर से लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। दोनों ही हादसे में अज्ञात वाहन का चालक टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकला। जानकारी के अनुसार बीती रात 9 बजे के आसपास खुर्सीपार गेट के पास मोटर साइकिल सवार पुनेश छनापे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में पुनेश की मौत हो गई। शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी पुनेश छनापे एम्स रायपुर में काम करता था। रोज वह ट्रेन से आना जाना करता था, लेकिन लेट होने के कारण गुरुवार को अपनी बाइक एम्स रायपुर गया था। वहां से लौटते समय खुर्सीपार गेट के पास हादसे में उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना रात 9 बजे के आसपास साईं धाम कुम्हारी के पास हुई।

# कड़कड़ाती ठंड में घरों के नल से पानी भरती हैं महिलाएं

## सेक्टर एक के दो मंजिला भवन में सवा पांच बजे क्वार्टरों में हो रही जलापूर्ति, क्षेत्रवासियों ने की समय बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 1 के सैकड़ों निवासियों को ठंड में अलसुबह से उठकर उठकर नलों से पानी भरने मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उन्हें भारी परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बीएसपी प्रबंधन से जलापूर्ति का समय बदलने की मांग की है।

फिर से ठंडी बढ़ने के साथ ही सेक्टर एक क्रास स्ट्रीट -1 सिंगल स्टोरी क्षेत्र और आसपास के रहवासियों की स्थित दुबले पर दो आषाढ़ जैसी हो गई है। इस क्षेत्र के आवासों में बीएसपी द्वारा तड़के सुबह सवा पांच बजे पेय जलापूर्ति की जा रही है।

गर्मी और बारिश के मौसम मे इस समय रहवासियों को अपने घर के नल से निस्तार के लिए पानी भरने में दिक्कत नही होती थी। लेकिन इस ठंड के मौसम में कड़कड़ता ठंड में सुबह सवा पांच बजे उठकर पानी भरने से ठंडी के साथ कई तरह की परेशानी हो रही है। खासकर महिलाएं और फर्स्ट शिफ्ट में ड्यूटी जाने वाले कर्मियों को नल से पानी भरने में ठिठुरन के साथ कई तरह की परेशानी हो रही है। इससे उनमें असंतोष है। त्रवासियों ने बताया कि सुबह पानी भरने के साथ बच्चों को स्कूल जाने तैयारी करने और कई तरह के काम करने पड़ते है। बीएसपी से कई बार समय बदलने की मांग के बाद भी अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।



### सुबह 7 बजे जलापूर्ति करने की जरुरत

सालभर पहले सेक्टर चार की जर्जर पानी टंकी ठह जाने के बाद से सेक्टर के में जलापूर्ति का समय सुबह 7 बजे के बजाय 5.15 बजे कर दिया गया है। सेक्टर एक की जर्जर पानी टंकी को बंद कर दिया गया है। सेक्टर एक में सेक्टर 2 पानी टंकी से जलापूर्ति की जा रही है। व्यवस्था बदलने का खामियाजा सेक्टर एक के डबल स्टोरी क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि बीएसपी को महिलाओं की परेशानी को देखते हुए सुबह सात बजे जलापूर्ति करने की जरुरत है।

## यूनियनों ने एकजुटता के बाद भिलाई लोक सृजन समिति ने की विधित व्यवस्थापन की मांग

# हजारों रिटेंशनधारियों पर बढ़ेगा बोझ आवासधारियों में असंतोष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में रिटेंशन आवासों के प्रस्तावित मनमाने ढंग से किराया बढ़ाने से रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने किराया वृद्धि को सेवानिवृत्त कर्मियों पर आर्थिक बोझ बताते हुए आवासधारियों को एकजुट करना शुरु कर दिया है। भिलाई लोक सृजन समिति ने इस्पात मंत्री को ज्ञापन भेजकर बीएसपी के किराया वृद्धि के प्रस्तावित कदम पर तत्काल हस्तक्षेप कर राहत दिलाने की मांग की है। 24 रुपए प्रति वर्ग फीट किराया बढाने की तैयारी है।

गौरतलब हो कि सेल आवास योजना के आधार पर भिलाई इस्पात संयंत्र के आवासों को वर्ष 2001 से 03 के मध्य तीस वर्षीय पट्टे पर बीएसपी कर्मचारियों दिया गया था। टाउनशिप में 4352 आवास आवंटित किए गए थे। भिलाई लोक सृजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र परगनिहा ने बताया कि सेल आवास योजना को विस्तारित कर लायसेंस पद्धति के तहत अवैध कब्जाधारियों सहित गैर बीएसपी कर्मियों को भी कई आवास आवंटित किए गए थे। इनकी संख्या तीन हजार से अधिक है। नौ फरवरी 2008 को सेल के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर तत्कालीन इस्पात मंत्री राम विलास पासवान ने हाउस लीज योजना को तत्काल लागू करने की घोषणा भिलाई में की थी। इस घोषणा के बाद 25 जुलाई 2008 को सेल बोर्ड की 340 वीं बैठक में लीज आवासो के अतिरिक्त निर्माण के विनिर्मितिकरण बाद लीज योजना लागू करना तय किया गया था। भिलाई में इसे तत्काल 599 वर्गफुट तक के मकानों को तत्काल ही चालू करने का निर्देश भी दिया गया था। 2008 में ही रिटायर हो रहे कई कर्मियों की ग्रेज्युटी राशि से 2 लाख रुपए अग्रिम रुप से प्रबंधन ने हाउस लीज रिकवरी के रुप में रख ली थी। इन्हीं में से अधिकांश पूर्व कार्मिकों को कुछ शर्तों के साथ दो साल संयंत्र आवासों में रहने की अनुमति दी गई। हाउस लीज रिकवरी की राशि को भी सुरक्षा निधि के रुप में परिभाषित किया गया। इन पूर्व कार्मिकों को मौखिक रुप से प्रबंधन ने यह आश्वस्त किया कि भविष्य में लीज योजना के लागू होने पर रिटेंशन स्कीम में रह रहे पूर्व कार्मिकों को समाहित कर लिया जाएगा।

## इस्पात मंत्री से बीएसपी प्रबंधन के कदम पर हस्तक्षेप करने की मांग



### शासन व सेल में बनी सहमति

20 मार्च 2015 को तत्कालीन इस्पात मंत्री व मुख्यमंत्री छग शासन के नेतृत्व में सेल के शीर्ष अधिकारियों की दिल्ली में हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी थी कि इस योजना को फिर से नियमितिकरण बाद लागू किया जाएगा। 2019 में कुछ कार्मिकों को जो, रिटेंशन स्कीम में रह रहे थे, लायसेंस योजना के तहत पांच लाख सुरक्षा निधि लेकर वैधता प्रदान की गई। आज भी हजारों पूर्व और वर्तमान कार्मिक सहित उनके परिवार इस लीज, लायसेंस योजना के क्रियान्वयन का इंतजार कर रहे हैं।

### विधिवत हो व्यवस्थापन

भिलाई लोक सृजन समिति व लोइमू के राजेंद्र परगनिहा ने बताया कि राज्य शासन और भिलाई नगर निगम के अधिकारियों ने नियमितिकरण पर लगातार पत्र व्यवहार किया लेकिन सेल प्रबंधन ने इस पर हमेशा टालमटोल का रवैया रखा। अब समिति के सदस्यों को पीपी एक्ट से प्रताड़ित किया जा रहा है। श्री परगनिहा ने इस्पात मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप कर विधिवत व्यवस्थापन की मांग की है। रिटेंशन आवासों के प्रस्तावित किराया वृद्धि के प्रबंधन के कदम पर भी रोक लगाने की मांग की गई है।



# छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग में धूमधाम से मना स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के स्थापना दिवस संस्कृति विभाग के सभागार भवन घड़ी चौक रायपुर में मनाया गया उक्त कार्यक्रम में बेमेतरा जिला से हास्य व्यंग्य कवि एवं राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक रामानन्द त्रिपाठी के नेतृत्व में 25 से अधिक कवि एवं साहित्यकारों ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज किये।

■ कवि और साहित्यकारों ने रंगीन प्रस्तुति दी

साथ में कविता पाठ भी किये जिसमें बेमेतरा से प्रसिद्ध गीतकार डा.गोकुल बंजारे चंदन, हास्य व्यंग्य कवि कृष्णा भारतीय,ओज रस के कवि ईश्वर साहु, जगदीश सोनी,रमेश चौहान,मनोज श्रीवास्तव,मनोज पाटिल मणि, हरीश पटेल,पंकज शर्मा, हेमशंकर पाटिल, बिशाल ध्रुवे गंवइहा,संतोष साहु,तारकेश्वर साहु,विकाश कश्यप, दिलीप टिकरिहा,सुरेश निर्मल कर, नरेन्द्र साहु, मूलचंद साहु, ह्रदय विश्वकर्मा ने अपनी सहभागिता दी। इस दरमियान मुख्य अतिथि के तौर पर संस्कृति मंत्री मां.राजेश अग्रवाल रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ,विशिष्ट अतिथि विधायक पुरेन्दर मिश्रा,धरसीवां विधायक अनुज शर्मा एवं फिल्मी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मोना सेन, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शिरीश शर्मा उपस्थित रहे। मुख्यतिथि राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को राज भाषा बनाने के लिए आठवीं अनुसूची में दर्ज करना अनिवार्य है इसके लिए कुछ वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ विधानसभा से प्रस्ताव बनाकर दिल्ली भेजा गया था ,लेकिन कुछ तकनीकी त्रुटी रह गई थी उसको सुधारने वापस कर दिया गया था , अब वह त्रुटी सुधारा जा रहा है बहुत जल्द चुस्त दुरुस्त कर फिर से वह प्रस्ताव दिल्ली भेजा जायेगा, ताकि जल्दी से जल्दी छत्तीसगढ़ी को भाषा राजभाषा का दर्जा मिल जायेगा। आमंत्रित समस्त अतिथियों ने भी छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा में दर्ज करवाने का भरोसा दिलाये। प्रदेश के कोने कोने से लगभग 300 से अधिक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार उपस्थित रहे जिसमें चर्चा गोष्ठी, पुस्तक विमोचन, पुस्तक मेला तथा अनेकों वरिष्ठ कवियों का सम्मान किया गया।

# श्मशान घाट के पास सजी ताश की महफिल, सात जुआरी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ 17 हजार कैश सहित 1.73 लाख का सामान जब्त

ग्राम अरसनारा शमशान घाट के पास जुआ खेल रहे 7 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से नगदी 17000, 10 मोबाइल, 2 दुपहिया वाहन कुल कीमती 173000 का सामान पुलिस ने जब्त किया है। मामला नंदिनी थाना क्षेत्र का है। आरोपियों के खिलाफ धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 धारा 3 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार 26 नवंबर की रात्रि ग्राम आरस नारा शमशान घाट के पास बिजली पोल के नीचे स्ट्रीट लाइट की रोशनी में जुआ खेलने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस रेड मारने मौके पर पहुंची और 7 लोगों को धरदबोचा। पुलिस ने दुर्गा मंच के पास वार्ड-1 जुनवानी निवासी शेष नारायण पिता संतोष यादव उम्र 26 साल, बजरंग नगर कंडरा पारा दुर्ग निवासी बंशी लाल उम्र 59 साल, ग्राम अरसनारा निवासी प्रदीप कुमार मैत्रे उम्र 19 साल, अंबेडकर नगर बौद्ध बिहार के पास वार्ड-58 उरला दुर्ग निवासी प्रवीण लांजेवार उम्र 28 साल, न्यू गोंदवारा लिंग सेज कोल्ड स्टोरेज के बाजू में रायपुर निवासी धर्मेन्द्र चौधरी उम्र 33 वर्ष, वार्ड 58 उरला दुर्ग निवासी विरेन्द्र कुमार ठाकुर उम्र 37 वर्ष, ग्राम धनोरा निवासी मनीष कुमार साहू उम्र 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुए की फड़ से नगदी रकम 17020, पत्ती ताश, 10 मोबाइल जुमला कीमती लगभग 131000 रुपये, 2 बाइक होडा साईन क्रमांक सीजी 07 सीयू 1404 और बजाज डिस्कवर क्रमांक सीजी 07 एक्यू 0919 कीमती लगभग 25000 रुपये, कुल 73020 रुपये का सामान जब्त किया है।

# डंडे से जानलेवा हमला, जिंदगी और मौत से जूझ रहा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ शराब पीने की बात को लेकर हुआ था विवाद, आरोपी सुपेला पुलिस की गिरफ्त में

शराब पीने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया गया। बांस व डंडे से युवक को इस कदर पीटा गया कि वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। सुपेला थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में मकान नं. 84/5, नेहरू नगर पूर्व निवासी हरीश चन्द्र साहू पिता कन्हैया साहू उम्र 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा धारा 296, 115(2), 351(3), 109(1) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार विगत 29 अक्टूबर को आशाराम बापू आश्रम के सामने शराब की बात पर रोशन ढीमर और आरोपी हरीश चन्द्र साहू के बीच विवाद हो गया। झगड़ा इतना बड़ गया कि आरोपी हरीश चन्द्र साहू ने बांस के डंडे से रोशन के सिर, कंधा में गंभीर चोट पहुंचाया। इससे रोशन वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भर्ती कराया। प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस जब घायल युवक से पूछताछ के लिए अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने बताया कि घायल युवक की हालत काफी गंभीर है। समय पर उपचार नहीं मिलता तो मौत निश्चित थी।

## राज्य उत्सव में बच्चों को मिला उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान...



**साजा।** राज्य उत्सव 2025 में जिला प्रशासन बेमेतरा छत्तीसगढ़ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को आज प्रार्थना स्थल में शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी के बच्चों को प्रदान किया गया। बच्चों को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान पाठक धनेश रजक सहित सभी शिक्षकों के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित किया गया और साथ ही बच्चों को कहा गया कि यह सर्टिफिकेट को संभाल कर अपने घर में रखें।

# विधायक देवेंद्र ने रेलमंत्री को लिखा पत्र, रेलवे स्टेशन में सुधारी जाए गलती

**भिलाई।** भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से जुड़ी जानकारी को नजरअंदाज किए जाने पर विधायक देवेंद्र यादव ने सख्त आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संदर्भ में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर इस गलती को सुधारे जाने की मांग की है। यादव ने अपने पत्र में कहा है उपरोक्त विषयांतर्गत दुर्ग जिले में स्थित भिलाई नगर रेलवे स्टेशन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आता है।

## सीटू के नॉन वर्क्स जोन का जोनल सम्मेलन आयोजित

# 9 साल बाद भी वेतन समझौता अधूरा, यूनियनें हुईं लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू भिलाई के नॉन वर्क्स जोन का जोनल सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता संतोष कुमार ने की। सम्मेलन में विशेष रूप से यूनियन के अध्यक्ष विजय कुमार जांगड़े, उपाध्यक्ष संतोष कुमार, डीवीएस रेड्डी महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी उपस्थित थे। सम्मेलन के शुरुआत में दिवंगत साथियों को याद कर श्रद्धांजलि दी गई। नॉन वर्क्स जोन के जोनल सचिव एलएन अग्रवाल ने 3 वर्षों में किए गए कामकाज की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिस पर साथियों ने चर्चा करने के बाद रिपोर्ट को पारित कर दिया। आगामी 3 वर्षों के लिए जोनल समिति हेतु कामरेड नितिन कश्यप ने दस सदस्यों का प्रस्ताव रखा। जिसमें एलएन अग्रवाल, आरके प्रसाद, ओपी शर्मा, नितिन कश्यप, एमएल वर्मा, सुशील कुमार, मनीष यदु, बीआर बोरकर, पुरुषोत्तम रेड्डी, रविशंकर दास शामिल थे। कामरेड ओपी शर्मा ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। संयोजक पद हेतु लक्ष्मी नारायण अग्रवाल एवं उप संयोजक पद हेतु के नाम का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित साथियों ने इन्हें भी सर्वसम्मति से चुन लिया। सम्मेलन में आरके प्रसाद, सुशील कुमार, रविशंकर दास एवं मनीष यदु को चुना गया।

### 9 साल बाद भी वेतन समझौता अधूरा

सम्मेलन के दौरान साथियों ने चर्चा करते हुए कहा कि 9 साल बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने वेतन समझौता पूर्ण नहीं किया है। ऊपर से चार श्रम कोड्स को थोप कर कर्मियों पर और बोझ बढ़ाने तथा गुलामी की दशा में पहुंचाने की तैयारी शुरू हुई है, किंतु प्रबंधन एवं देश के शासक वर्ग यह जान ले कि पहले 12 घंटा से 18 घंटा काम करवाने और मजदूरों का निर्मम शोषण करने की व्यवस्था थी। इसके खिलाफ संघर्ष करके 8 घंटे के कार्य दिवस को हासिल किया गया। यदि फिर से 12 घंटे के कार्य दिवस करने एवं लड़ कर हासिल किए गए।

# डुंडेरा वार्ड में अंधेरा, एमआईसी मेंबर ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ टेंडर जारी होने के बाद भी लाइट नहीं लगने से वार्डवासियों में रोष

रिसाली नगर निगम के डुंडेरा वार्ड के पार्षद व एमआईसी मेंबर रोहित धनकर अपने वार्ड में बिजली नहीं लगने से खफा हैं। उनका आरोप है कि दिवाली और दशहरा से पहले 5 -5 लाख रुपये के दो टेंडर जारी किए गए, लेकिन इन टेंडरों के तहत कहां-कहां लाइट लगी, इसकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। स्थिति यह है कि नया टेंडर जारी होने के महीनों बाद भी एक भी नई स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई।

वार्ड के लोग लगातार अंधेरे में हैं। त्योहार निकल गए, पर एक भी लाइट नहीं लगी। अगर वार्ड की लाइट नहीं लगा पा रहे, तो जनता के बाकी काम कैसे होंगे। उन्होने आरोप लगाया कि नगर निगम बीजेपी सरकार के अधीन चल रहा है।

# बीच सड़क में चाकू से काटा केक दो नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



बीच सड़क पर जन्मदिन का केक काटना युवकों को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया में दहशत फैलाने वाला वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। सभी को रिमांड पर भेजा गया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोचीपारा दुर्ग का है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को मोचीपारा दुर्ग निवासी अंकित कुरील 18.2 वर्ष, अशोक मालापुर उम्र 35 वर्ष, प्रेम चंद्राकर उम्र 22 वर्ष एवं दो नाबालिग बालकों द्वारा वर्मा इलेक्टॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिक दुकान के सामने रविदास मंदिर के पास मोचीपारा दुर्ग में बीच सड़क पर बाइक पर लोहे के धारदार चाकू से जन्मदिन का केक काटने के बाद सोशल मीडिया इन्स्टाग्राम में अपलोड किया गया। जो देखते ही देखते वायरल हो गया। पता तलाश के दौरान सभी को पुलिस ने पकड़ा। सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराने के संबंध में पूछताछ के दौरान जुर्म स्वीकार करने पर धारा 126(2), 191(2) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### सरपंच ने किया मितानिनों का सम्मान

**जेवरतला रोड।** ग्राम मुजगहन में मितानिन दिवस मनाया गया। सरपंच नीरा चुरामन हिरवानी एवं समस्त पंचों ने मितानिन पुष्पा साहू, पूर्णिमा साहू, योगिता साहू, सेवती ठाकुर को श्रीफल और साड़ी भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर सरपंच नीरा हिरवानी ने मितानिन बहनों द्वारा गाँव में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर किए गए सेवा कार्य की सराहना की। इस दौरान रुखमणी सिन्हा, नेहा ठाकुर, मीना यादव, फूलबती साहू, केकती भुआर्य, आशा खोब्रागढ़े, मानबाई राना, बिहारी साहू, गजेन्द्र कोमा, गंगाराम साहू, चुरामन हिरवानी, लक्ष्मी बघेल, भागीरथी साहू, लच्छू ठाकुर, यादराम सिन्हा, लीलाराम कोमा, थानू कोमा आदि उपस्थित थे।

### कुएं में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**खड़गांव।** तिरंगा चौक के आगे कार्तिक यादव की कुएं में गिरने से मौत हो गई। परिवारिक सदस्यों ने बताया कि गत 28 नवंबर को कार्तिक यादव सुबह से दिखाई नहीं दे रहा था। दोपहर को खोजबीन करने से पता चला कि घर के समीप कुएं में कार्तिक यादव गिर गया और उसकी मौत हो गई है। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्तिक यादव के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए मोहला भेजा। कार्तिक कुएं में कैसे गिरा इसका खुलासा नहीं हो सका है। परिजनों के अनुसार उसे दिखाई कम देता था जिसके कारण कुएं में गिर सकता है। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार 29 नवंबर को किया गया।

### कराटे खिलाड़ियों का सम्मान

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में राज्य स्तरीय खेलो छत्तीसगढ़ यूथ कराटे प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कराटे खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते उनकी मांग पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि मुंगेली स्थित श्यामप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो छत्तीसगढ़ यूथ कराटे का आयोजन किया गया था जिसमें जिले से सावित्री ध्रुवे, अरुना जाड़े, चांदनी सोरी, ममता नरेटी, गौरी हारमें ने हिस्सा लिया था। जिले की बेटियों ने पांच पदक जीत कर राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया था।

### जबरटोला में 58 क्विंटल संदिग्ध धान जब्त

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार प्रशासनिक टीम ने जबरटोला में कार्रवाई करते हुए 58 क्विंटल संदिग्ध धान जप्त किया है। तहसीलदार शुभांगी गुप्ता सहित राजस्व एवं पुलिस अमला ने जांच के दौरान दो पिकअप वाहनों में कुल 58 क्विंटल धान पाया गया। जिसमें से केवल 48 क्विंटल धान का ही अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत किया गया। वाहन चालक, वाहन प्रभारी एवं क्रयकर्ता से पूछताछ में अनुज्ञा पत्र की शर्तों तथा धान परिवहन के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया और अनुज्ञा की शर्तों का उल्लंघन पाया गया। प्राथमिक पूछताछ में यह भी सामने आया कि वाहन पखांजुर से आ रहा था, लेकिन धान कहां ले जाया जा रहा था, यह स्पष्ट नहीं किया जा सका।

---

स्पर्धा : नन्हें बच्चों ने खेलों में दिखाई प्रतिभा और अनुशासन, माता-पिता की रेस और पुरस्कार वितरण ने बढ़ाया उत्साह

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में किड-फिट डे का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में 29 नवंबर को अपने वार्षिक खेल दिवस 'किड-फिट डे' का भव्य आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करना था। इस वर्ष की थीम फिट इंडिया, हिट इंडिया देश की प्रगति में फिटनेस के योगदान को दर्शाती है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय संचालिका भावना बोहरा रहीं। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का उद्घाटन मशाल प्रज्वलित कर के किया। विद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार ने मुख्य अतिथि तथा अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों के स्वागतम नृत्य और खेल प्रतिभागियों द्वारा शपथ ग्रहण से हुई। नर्सरी से लेकर कक्षा तीसरी तक के छात्रों ने विविध खेल एवं प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अभिभावकों का मन मोह लिया। नर्सरी के बच्चों द्वारा किड्डी बैलेंस रेस और टेनिस बैट ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्राओं में प्रथम स्थान पर वंशिका द्वितीय स्थान पर दिवयंका राजपूत एवं तृतीय स्थान पर शैलश्री सिंह राजपूत रहे तथा छात्रों में प्रथम स्थान पर शुभांश साहू , द्वितीय स्थान पर शिवांश ठाकुर एवं तृतीय स्थान पर भोलेन्द्र शर्मा रहे।






### बच्चों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को दिया सम्मान

प्रेप-1 के बच्चों द्वारा कैटरपिलर रेस और हॉकी ड्रिल के माध्यम से बच्चों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को सम्मान दिया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर ग्रंथ देवांगन द्वितीय स्थान पर राग तिवारी एवं तृतीय स्थान पर विनायक देवांगन रहे तथा छात्राओं में प्रथम स्थान पर आस्था पटेल , द्वितीय स्थान पर विभा मानिकपुरी एवं तृतीय स्थान पर मिशका दागा रहे।

प्रेप-2 के बच्चों द्वारा स्पीडी स्प्रिंटर्स रेस और स्पोर्ट्स सिम्फनी ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर अरनीत भाखला द्वितीय स्थान पर तेजस्वी वर्मा एवं तृतीय स्थान पर शिवांश तिवारी रहे तथा छात्राओं में प्रथम स्थान पर सानवी सिंह, द्वितीय स्थान पर आश्रि द्विवेदी एवं तृतीय स्थान पर नताशा देवांगन रहे।

**फिटनेस, सक्रियता और सकारात्मक ऊर्जा का दिया संदेश :** कक्षा पहली के छात्रों द्वारा हूपी लूपी स्नेक्स रेस और स्पोर्ट्स कार्निवल ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर स्वस्तिक सिंह कंवर, द्वितीय स्थान पर अंश देवांगन एवं तृतीय स्थान पर लक्षित टांडिया रहे तथा छात्राओं में प्रथम स्थान पर अंशिका कुररे , द्वितीय स्थान पर वंशिका वर्मा एवं तृतीय स्थान पर डाइशा मेमोन रहे। कक्षा दूसरी के छात्रों के द्वारा स्ट्रेच एंड स्ट्रेंथ ड्रिल और बैली वैली रेस का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर राजवीर सिंह राजपूत , द्वितीय स्थान पर मेहुल सिन्हा एवं तृतीय स्थान पर रुद्र देवांगन रहे तथा छात्राओं में प्रथम स्थान पर स्वाती कोठारी, द्वितीय स्थान पर नविका वर्मा एवं तृतीय स्थान पर अनाया अग्रवाल रहे। कक्षा तीसरी के छात्रों ने भी एक्टिव इंडिया ड्रिल और बैटी बाउंस रेस का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्रों में प्रथम स्थान पर अनिरुद्ध त्रिपाठी , द्वितीय स्थान पर अथर्व सेन, एवं तृतीय स्थान पर मोहम्मद आर्यन खान तथा छात्राओं में प्रथम स्थान में दिव्यानशी टांडिया, द्वितीय स्थान पर अक्षिता राय एवं तृतीय स्थान पर चंचल सिंह रहे। कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों ने अपने जोश और ऊर्जा के साथ " एक्टिव इंडिया ड्रील" तथा "बेट्टी बाउंस रेस" प्रस्तुत की, जो पूरे कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण बनकर उभरा। बच्चों की लयबद्ध गतियाँ, आत्मविश्वास और फिटनेस के प्रति जागरूकता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बैटी बाउंस रेस में छात्रों की फुर्ती, बैलेंस और शानदार हाथ-आँख-तालमेल ने मैदान में उत्साह का संचार कर दिया। दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावकों ने बच्चों की मेहनत, अनुशासन और अद्भुत प्रस्तुति की सराहना की। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि सभी के लिए फिटनेस, सक्रियता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रेरक संदेश भी लेकर आया।

### पैरेंट्स रेस का आयोजन

कार्यक्रम में माता-पिता के लिए पैरेंट्स रेस का आयोजन हुआ। माताओं की रेस में, क्रमशः प्रथम, श्रीमती नेहा गर्ग द्वितीय श्रद्धा काबरा और हरिन साहू और तृतीय स्थान कविता सिन्हा पर रहीं। पिताओं की रेस में क्रमशः पहला, राजेन्द्र कुमार टांडिया दूसरा अनिल कुमार एवं तीसरा स्थान निसार अली प्राप्त किया।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री गिरीश कुमार ने कहा, "आज का किड-फिट डे हमारे नन्हें बच्चों की ऊर्जा, अनुशासन और खेल के प्रति उत्साह का जीवंत प्रमाण है। नर्सरी से लेकर तीसरी कक्षा तक के बच्चों ने जिस आत्मविश्वास और लगन के साथ खेलों में भाग लिया, वह दिखाता है कि खेल केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं।

### हमारे बच्चे बनेंगे सशक्त, तभी पूरी होगी 'स्वस्थ भारत' की परिकल्पनाः भावना बोहरा

विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने अपने संदेश में कहा कि, "आज 10वें किड-फिट डे का यह भव्य आयोजन देखकर मेरा हृदय गर्व और आनंद से भर गया है। हमारे छोटे-छोटे बच्चों ने खेल के माध्यम से अनुशासन, सहयोग और दृढ़ संकल्प का जो प्रदर्शन किया है, वह सचमुच प्रेरणादायक है। 'स्वस्थ भारत' की परिकल्पना तभी साकार होगी जब हमारे बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से दृढ़ और नैतिक रूप से सशक्त बनेंगे। सभी विजेताओं को पुरस्कार मुख्य अतिथि भावना बोहरा, विद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार और जूनियर विंग की प्रधानाचार्या द्वारा प्रदान किए गए।

---

# बाल शोध मेला में बच्चों ने दिखाया विज्ञान और रचनात्मकता का जलवा

## सामाजिक विज्ञान के रोचक स्टॉल्स और पज़ल-फन कॉर्नर ने बढ़ाया आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बच्चों का मन स्वभाव से ही जिज्ञासु होता है। केवल किताबों की बातें उनकी जिज्ञासा को संतुष्ट नहीं कर पातीं, जबकि प्रयोग करके सीखना, नए तथ्य खोजना और जानकारी एकत्रित करना उन्हें उत्साहित करता है। इसी उद्देश्य के साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में 'बाल शोध मेला' का रंगारंग आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का शानदार प्रदर्शन किया।

मेले में सामाजिक विज्ञान विषय के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न टॉपिक पर आकर्षक मानचित्र, दंड आरेख, पाई चार्ट और पोस्टर तैयार किए। इसमें विद्यालय का इतिहास, वंश वृक्ष, ब्लड ग्रुप पाई चार्ट, सिक्कों का इतिहास, भारत जोड़ो, भारत के राज्यों की पहचान तथा पारंपरिक एवं आधुनिक कृषि जैसे विषयों पर बच्चों ने अपने स्टॉल लगाकर ज्ञान और कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया।



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत सिवनी की सरपंच चंद्रवती सोनवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ द्वारिका सोनवानी, संकुल केंद्र मुरता के प्रभारी नरसिंह जायसवाल, व्याख्याता टोपसिंग बर्मन, प्राथमिक शाला मुरकुटा के प्रधान पाठक मंतराम साहू, विद्यालय के प्रधानपाठक परमानंद पाण्डेय, शिक्षक अनिल कुमार बंजारे, नवीन ठाकुर, आशाराम सिन्हा तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकगण भी पहुंचे और बच्चों के कार्यों की सराहना की।

**मेले को बनाया गया रोचक व ज्ञानवर्धकः** कार्यक्रम में सामाजिक विज्ञान के अलग-अलग थीम आधारित कॉर्नरों के साथ-साथ पजल फन और क्विज कॉर्नर भी शामिल किए गए, जिसने मेले को और भी रोचक एवं ज्ञानवर्धक बना दिया। बच्चों की उत्साही भागीदारी ने पूरे वातावरण को जीवंत कर दिया। यह संपूर्ण आयोजन अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन केंद्र नवागढ़ से आई अंकिता के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने बच्चों को शोध आधारित शिक्षा की ओर प्रेरित करते हुए उनकी जिज्ञासा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया।

---

# राष्ट्रीय राजमार्ग वाहन चालक नेत्र परीक्षण सप्ताह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 24 से 29 नवंबर तक राष्ट्रीय राज मार्ग वाहन चालक नेत्र परीक्षण सप्ताह मनाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जेवरा एवं चोरभट्टी बाईपास बेमेतरा में भारी वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी डॉ बी एल राज द्वारा जानकारी दी गई कि नेत्र परीक्षण में कलर ब्लाइंडनेस, निकट दृष्टिदोष, दूर दृष्टिदोष, प्रेस बायोपिक आदि का परीक्षण कर चश्मा नबंर के साथ आई ड्रॉप्स दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रक चालको का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाना है और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित करना है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले ड्रायवर समय अभाव के चलते अपना नेत्र परीक्षण नहीं करा पाते है , जिसके कारण कई बार दुर्घटना का शिकार हो जाते है।



उक्त नेत्र परीक्षण शिविर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के सुपरविजन में तथा यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो और उनके टीम के सहयोग से इस नेत्र परीक्षण शिविर आयोजन को सफल बनाया गया। इस शिविर में कुल 110 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिन वाहन चालकों में दृष्टिदोष पाया गया, उन्हें उचित इलाज कराने और चश्मे को उपयोग करने की सलाह दी गई।

### इनका रहा विशेष सहयोग

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अंशु अग्रवाल ,सहायक नोडल अधिकारी विद्यासागर द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया इस नेत्र परीक्षण शिविर कार्यक्रम में बीएमओ खण्डसरा डॉ शरद कोहड़े,प्रधान आरक्षक संदीप सिंह, आरक्षक हुलेश साहू, नेत्र सहायक अधिकारी ओंकार चन्द्राकर, योगेन्द्र भार्गव, योगेश साहू, मुकेश टंडन का विशेष सहयोग रहा।

---

# चोरभट्टी में हुआ नवोदय विद्यालय प्रवेश के लिए मॉक टेस्ट

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्टी विकासखंड साजा में नवोदय प्रवेश परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।



इस मॉक टेस्ट में भंडारपुर, लोलेसरा और मुंगलाटोला सहित आसपास के क्षेत्रों से 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों में नवोदय परीक्षा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन एवं लगन के साथ परीक्षा दी। कार्यक्रम में उपस्थित रहे शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्टी के प्रधान पाठक कोमल सिन्हा, शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया के प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला भरदा मुकेश वर्मा, सहायक शिक्षक देवाराम साहू, सहायक शिक्षक आशुतोष चौबे इन सभी शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें नवोदय परीक्षा की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार और सहयोगी शिक्षकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।

---

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में कैरियर और परीक्षा मार्गदर्शन सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता में कैरियर गाइडेंस एवं परीक्षा में अच्छे मार्क्स कैसे लाएं विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ । कक्षा चौथी से बारहवीं तक के लगभग 600 विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता राजस्थान के अलवर शहर निवासी मोटिवेशनल स्पीकर, कैरियर कोच एवं दिशा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष इंजीनियर नवीन प्रकाश जायसवाल थे।

उन्होंने छात्रों को जीवन, स्वास्थ्य तथा परीक्षा तैयारी से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए बच्चों को जंक फूड जैसे बर्गर और पिज्जा से दूरी बनाकर बादाम, अखरोट, आंवला, संतरा और मौसमी जैसे पौष्टिक फलों को अपनाना चाहिए। शैक्षणिक सफलता से जुड़े सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ाए गए विषयों की घर पर नियमित पुनरावृत्ति जरूरी है। मोबाइल का उपयोग कम से कम करना चाहिए और जरूरत पड़ने पर लैपटॉप का उपयोग किया जा सकता है। विद्यार्थियों को अपनी डायरी बनानी चाहिए और समय-सारणी के अनुसार पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने अखबार पढ़ने की आदत को भी अत्यंत उपयोगी बताया। बच्चों को आत्मचिंतन करने और खुद को बेहतर बनाने का संदेश देते हुए 'डीपीएपी मॉडल' समझाया—

डी – ड्रीम (सपना/लक्ष्य तय करना), पी – प्लान (योजना बनाना), ए – एक्शन (कार्य करना), पी – प्रोग्रेस (प्रगति की समीक्षा करना) इस प्रेरक सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन एवं परीक्षा दोनों को सरल और प्रभावी ढंग से संभालने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना था।



**ये रहे उपस्थितः** विद्यालय से शिक्षक ललित देवांगन, गोविंद साहू, अकलेश पटेल, अमित साहू, आयुषी जैन, दीपिका वर्मा, ऐश्वर्य देशमुख, साक्षी शर्मा, संदीप कुमार साहू,ममता चंद्राकर , पूनम शर्मा, अभिषेक कुमार, प्रवीण कुमार, शोभा रानी, रेणुका पटेल, रितिका साहू, राजा तंतुवाय,लेखनी चंद्राकर, प्रीति यादव,स्वप्निल शर्मा, आर्य निधि, गौरी यादव , भारती, अनिल कुमार, कैलाश सिंह, अन्नू चन्द्राकर,माननी, सुखदेव साहू, रूखमणी, रामेश्वरी, युवराज चंद्राकर, नरेश, विजय चंद्राकर, सुभाष आदि उपस्थित रहे।

---

### अधिकारी, कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**बेमेतरा।** लोकसभा एवं राज्यसभा शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र दिनांक 14 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। उक्त अवधि में सत्र के दौरान संबंधित प्रश्नों के उत्तर व त्वरित जानकारी समय-सीमा में तैयार किया जाना अति आवश्यक है। इसके चलते जिले में कार्यालय समस्त अधिकारी कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंधित आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार कलेक्टर की अनुमति के बिना कोई भी अधिकारी/ कर्मचारी मुख्यालय से बाहर प्रस्थान नहीं करेंगे।

---

घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में उमंग-उत्साह का दिखा खुमार

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा फिर बने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की नई सूची जारी कर दी है। बेमेतरा जिले के लिए यह सूची बेहद खास रही, क्योंकि एक बार फिर जिले की कमान युवा तुर्क, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को सौंपी गई है।

जैसे ही एआईसीसी की सूची सार्वजनिक हुई, कांग्रेसजनों के चेहरे खिल उठे। जिलेभर में कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई और नव नियुक्त अध्यक्ष के निवास पर बधाई देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर, गुलदस्ता भेंट कर और गले लगकर अपनी खुशी व्यक्त की।



**ऑब्जर्वर ने लिया था कार्यकर्ताओं का मत, सर्वसम्मति से छाबड़ा का नाम आगेः** जिला अध्यक्ष चयन प्रक्रिया इस बार पूरी तरह पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से की गई। एआईसीसी द्वारा भेजे गए ऑब्जर्वर ने बेमेतरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए। इसके साथ ही संगठन की नब्ज टटोलने के लिए कार्यकर्ताओं की राय भी जानी गई। चौंकाने वाली बात यह रही कि शुरू से ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के लिए जिलेभर की पहली पसंद सिर्फ और सिर्फ आशीष छाबड़ा रहे। कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर ऑब्जर्वर के समक्ष उनके नाम को एकमत से प्रस्तावित किया। आलाकमान ने भी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और भावनाओं का सम्मान करते हुए पुनः आशीष छाबड़ा को जिम्मेदारी सौंपते हुए स्पष्ट संकेत दिया कि संगठन में अनुभव, युवाशक्ति और मैदानी सक्रियता को वरीयता दी जा रही है। **सभी को साथ लेकर चलेंगे, तीनों विधानसभा सीटें जिताकर दिखाएंगेः आशीष छाबड़ाः** नियुक्ति की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे मैं पूरी निष्ठा से निभाऊँगा। संगठन को मजबूत करना और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना मेरी प्राथमिकता है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बेमेतरा जिले की तीनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी ही विजय प्राप्त करेंगे, यह मेरा विश्वास है। उनके इस वक्तव्य ने कार्यकर्ताओं में और अधिक उत्साह भर दिया।

### जिले में नई ऊर्जा का संचार

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में संगठन फिर से मजबूत होगा और बूथ स्तर तक टीम सक्रिय हो जाएगी। राजनीतिक जानकार भी मानते हैं कि छाबड़ा की कार्यशैली और कार्यकर्ताओं से जुड़ाव आने वाले समय में कांग्रेस के लिए बड़ी ताकत साबित हो सकता है।

**बधाई देने वालों का तांता, कांग्रेस भवन से लेकर गांव–गांव में खुशी का माहौलः** घोषणा के बाद से ही बेमेतरा जिला कांग्रेस में उत्सव जैसा माहौल है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगर तक कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का लगातार छाबड़ा निवास पर आगमन जारी रहा। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से सुरेंद्र तिवारी, अवनीश राघव, मंगत साहू, प्रणीश चौबे, ललित विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी, रवि परगनिहा, मिथलेश वर्मा, हरिश साहू, सुशीला जोशी, शशि प्रभा गायकवाड, अतुल साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

